उद्योग | डीजल, पेट्रोल और शराब के लिए बनेगा तरल

# गोपालपुर दूबे में लगेगा डिस्टलरी प्लांट

संवाद न्यूज एजेंसी

**सुल्तानपुर।** दोस्तपुर के गोपालपुर दूबे गांव में करीब 80 करोड़ रुपये से डिस्टलरी प्लांट स्थापित होगा। एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद निवेशक ने प्लांट की स्थापना का कार्य शुरू कर दिया है। इसके चालू होने के बाद पेट्रोल, डीजल व शराब के कारोबारियों को तरल पदार्थ यहीं से मिल सकेगा। जिले का यह पहला प्लांट होगा।

उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने व्यवसाइयों को प्रेरित कर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में निवेश कराने का निर्देश दिया है। अधिकारियों की प्रेरणा से करीब साल भर पहले दोस्तपुर के गोपालपुर दूबे निवासी अरुण वर्मा ने डिस्टलरी प्लांट की स्थापना के लिए 80 करोड़ रुपये निवेश की सहमति दी थी। अभियान में उन्होंने एमओयू पर हस्ताक्षर किया था। उनके प्लांट की स्थापना को लेकर भूमि का कुछ पेंच फंस गया था। हालांकि इसके निस्तारण के बाद निवेशक ने प्लांट की बाउंड्रीवाल समेत अन्य निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। बताया कि प्लांट में डीजल और पेट्रोल में मिलाया जाने वाला एथनॉल तैयार होगा। शराब के लिए ईएनए (इक्स्ट्रा नेचुरल एल्कोहल) तैयार किया जाएगा। कचरे से निकाल कर कैटल शीड बनाया जाएगा।


गोपालपुर दूबे में चल रहा प्लांट निर्माण। -संवाद

## "दिक्कतों का कराया जाएगा समाधान

उद्योग उपायुक्त **नेहा सिंह** ने बताया कि गोपालपुर दूबे में प्लांट स्थापना का कार्य चल रहा है। निवेशक को प्रशासन की ओर से सभी सुविधाएं दिलाई जा रही हैं। कहीं दिक्कत आने पर उसका समाधान कराया जाएगा।

## टरबाइन में बनी बिजली से संचालित होगा प्लांट

निवेशक की ओर से अपने प्लांट में ही दो मेगावाट बिजली बनाई जाएगी। इसी बिजली से डिस्टलरी प्लांट संचालित होगा। बताया कि प्लांट संचालन के लिए अलग से ज्यादा बिजली नहीं खरीदनी पड़ेगी। प्लांट पर वाहनों के आवागमन के लिए संपर्क मार्ग का निर्माण होगा।